## डीएवी स्कूल की रागिनी को वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिले में प्रथम स्थान मिला

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया की दसवीं कक्षा की छात्रा रागिनी वर्गवे ने अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में कोडरमा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र अपने विचारों और भाव को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करते हैं। कोडरमा सहोदया स्कूल कॉन्प्लेक्स द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिले के सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त 14 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में बतौर विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता कोडरमा थर्मल पावर प्लांट बांझेडीह के दिलीप कुमार सिंह ने रागिनी वर्गवे को शील्ड और प्रशस्ति प्रदान किया। रागिनी वर्गवे ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में कोडरमा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रागिनी को बधाई व शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि रागिनी ने जिले में वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया।

## बारिश को लेकर धरना स्थगित

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डीवीसी केटीपीएस बांझेडीह में झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन और डीवीसी कामगार यूनियन के नेतृत्व में 8 अगस्त को होने वाले एकदिवसीय धरना को मौसम खराब होने के कारण फिलहाल स्थगित किया गया है। पुनः यूनियन का बैठक कर अगले कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी। इस आशय की जानकारी झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन के सचिव विजय पासवान ने दिया।

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान को लेकर ग्राम सभा का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के सभी पंचायत भवन में मेरी माटी, मेरा देश अभियान को लेकर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जहां मुख्य रूप से स्मारक पट्टिका, पंच प्रण पलेज और सेलफी, वशुधा वंदन, विरो का वंदन और फ्लैग होस्टिंग और राष्ट्रगान पर विशेष ग्राम सभा किया गया। इस अभियान में मुख्य रूप से उन विरों की पुजा है, जिंहोने हमारे कल के लिए अपने आज का बलिदान कर दिया है उसे बढ़ावा देना है। भराजो पंचायत भवन मुखिया स्वास्तिका कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा किया गया जहां मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे, रोजगार सेवक निरंजन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। वही खैरा पंचायत भवन में कुमारी माधुरी, झरपो शिबु प्रसाद सोनी, डहरभंगा रेखा देवी, टाटीझरिया सुरेश यादव, डुमर ममता देवी, धरमपुर कांती देवी, बेडम सुमित्रा देवी की अध्यक्षता में पंचायत भवन में किया गया। ग्राम सभा को सफल बनाने में पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, रोजगार सेवक अरूण रवि, नेमचंद कुमार, संतोष राम, दीपक कुमार, अरविंद कुमार शामिल है।

## कोडरमा में मिशन इंद्रधनुष 5.0 की शुरुआत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत सोमवार से हो गई है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सदर अस्पताल कोडरमा पहुंच मिशन इंद्रधनुष 5.0 का विधिवत उद्घाटन किया। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार कोडरमा जिले इस वर्ष -सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 0-5 वर्ष के छूटे हुए बच्चों तथा गर्भवती महिलायें का टीकाकरण पूर्ण किया जाना है। इस कार्य में कुल 126 एएनएम को वैक्सिनेटर के रूप में तथा लगभग 800 सहियाओं को मोबीलाईजर के रूप में कार्य पर लगाया गया है। उपायुक्त ने मिशन इंद्रधनुष 5.0 के सफल संचालन और शत प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर मुहिम के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 5 वर्ष तक के छूटे हुए बच्चों के अभिभावकों से भी अपील किया कि वह अपने बच्चों का टीकाकरण अवश्य करवाएं, जिससे बच्चों के समेकित विकास के साथ-साथ उनका इम्यूनिटी सिस्टम में भी वृद्धि हो। मौके पर उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार, कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण, दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शरद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी व अन्य मौजूद रहे।

## हाथियों के झुंड ने फसलों को किया बर्बाद



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** हाथियों के झुंड ने एक फिर बेरहवा जंगल मे अपना आशियाना बना लिया है। रविवार की रात्रि हाथियों का झुंड मरकच्चो दक्षिणी पंचायत के भगवतीडीह स्थित कुदर पहुंचा। किसानों के द्वारा धान की रोपनी करने के लिए पंप से पटवन कर धान का बिचड़ा को काफी मेहनत कर तैयार किये थे। बारिश की आस में थे कि जैसे बारिश होगी धान रोपने का कार्य करेंगे। लेकिन रविवार की रात्रि हाथियों का झुंड दक्षिणी पंचायत मरकच्चो पहुंच कर कई किसानों का बिचड़ा खाया व पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। रविवार की रात्रि झुंड ने कुदर स्थित खेत में रामदेव महतो पिता स्व ईश्वर महतो द्वारा 4 एकड़ में धान रोपनी करने के लिए तैयार किया हुआ बिचड़ा को खाकर व पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। वही बगल में ही अर्जुन यादव पिता स्व बिशुन महतो द्वारा 1 एकड़ में रोपा के लिए तैयार बिचड़ा, रामदेव यादव उर्फ डुगन यादव पिता स्व गुलो यादव का 3 एकड़ धान रोपा के लिए तैयार बिचड़ा व पटवन के लये नदी में लगाया गया पम्प सेट को बैल गाड़ी समेत पलट दिया जिससे मशीन को भी नुकसान हुवा है। राजु यादव पिता खुभलाल यादव के द्वारा 2 एकड़ में धान रोपा के लिए तैयार बिचड़ा, मनोज कुमार यादव पिता स्व तुलसी यादव के द्वारा 3 एकड़ में धान रोपा के लिए तैयार किये गया बिचड़ा को खाया व पैरों तले रौंद कर पूरी तरह नष्ट कर दिया। कृषकों ने बताया कि वे लोग काफी पूंजी लगाकर तथा कड़ी मेहनत कर खेती के लिए बिचड़ा तैयार किये थे जिसे हाथियों के झुंड ने किसानों के मंसूबे पर पानी फेर दिया। कृषकों ने बताया कि हर साल हाथियों का झुण्ड आकर उनके फसलों को नष्ट कर देता है जिससे काफी नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने प्रशासन से मुआबजे की मांग की है। इधर हाथियों का झुण्ड गांव से सटे बेरहवा जंगल में अपना बसेरा बनाये हुए है।

## जयनगर में चार वारंटी को किया गिरफ्तार

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** थाना कांड संख्या 198/14 के अभियुक्त मनोज यादव (उम्र 38 वर्ष पिता झूमक यादव ग्राम पंडियाडीह थाना जयनगर) को गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थापन हेतु भेजा गया। वहीं दूसरी ओर न्यायालय अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कोडरमा द्वारा निर्गत के वारंटी अभियुक्त अख्तर अंसारी पिता अकबर अली ग्राम महुवागढा थाना जयनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। जयनगर थाना कांड संख्या 124/23 के प्राथमिकी अभियुक्त सूरज कुमार दास (उम्र 29 वर्ष पिता रामकृष्ण दास), बंधन दास (उम्र 52 वर्ष) दोनों ग्राम लपसियाडीह थाना जयनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही - निमाडीह ग्रामीण सड़क के बच्छेडीह गांव समीप से एक अवैध बालू ट्रेक्टर को नवलशाही पुलिस जप्त कर लिया। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान एक ट्रैक्टर अवैध बालू लेकर निमाडीह केशो नदी की तरफ से आ रहा था। पुलिस की गाड़ी देख ट्रैक्टर चालक गाड़ी को पंचायत भवन के समीप खड़ा कर भाग निकला। अग्रेषित कार्रवाई हेतु खनन विभाग को सूचना दे दिया गया है।

## पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने छापेमारी अभियान चलाकर कांड संख्या 104/22 के प्राथमिकी अभियुक्त व वारंटी सविंदर सिंह पिता स्व. प्रताप सिंह साकिन मसमोहना, थाना नवलशाही को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# सहपाठी की फोटो एडिट कर की 50 हजार की वसूली, चार छात्र गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में दसवीं के कुछ छात्रों द्वारा अपने ही सहपाठी की फोटो को एक युवती की फोटो के साथ एडिट कर अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल किया जा रहा था। आरोपी छात्र बीते दो सप्ताह में पीड़ित छात्र को ब्लैकमेल कर करीब 50 हजार रुपये वसूल चुके थे। कई बार घर से पैसे चुराकर देने के बाद पीड़ित इस कदर हतोत्साहित हो चुका था कि वह आत्महत्या के बारे सोचने लगा था। मामले में राहत की बात यह रह कि इसी दौरान उसके स्वजनों को इस बारे में पता चला और उन्होंने इस बारे में पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने इस संबंध में जाल बिछाकर ब्लैकमेल करने वाले चार विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित कोडरमा के एक स्कूल में दसवीं का छात्र है। उसके सहपाठियों ने सभी दोस्तों की तस्वीर जमा करने के नाम पर उससे भी तस्वीर मांगी। पीड़ित छात्र की तस्वीर लेने के बाद आरोपी सहपाठियों ने एक अन्य लड़की की तस्वीर के साथ एडिट करके अश्लील तस्वीर बना दी और उससे रुपये मांगने लगे। पीड़ित छात्र को आरोपी करीब दो हफ्ते से ब्लैकमेल कर रहे थे। इस दौरान, पीड़ित छात्र ने घर से कई बार रुपये चुराकर आरोपी छात्रों को रुपये पहुंचाये। इस पूरी घटना से छात्र बेहद दुखी चल रहा था। वह आत्महत्या के बारे में सोचने लगा था। हालांकि इसी बीच पीड़ित छात्र की मां ने बेटे को परेशान देख उससे पूछताछ की, तो उसने सारी बात बता दी। पता चलने पर पिता ने झुमरीतिलैया थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस दौरान आरोपित लड़कों ने पैसे लेकर पीड़ित को गझंडी बुलाया। वहां पुलिस ने जाल बिछाकर स्कूटी सवार तीन आरोपित नाबालिग को पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर चौथे आरोपी को झुमरीतिलैया से पकड़ा गया। पुलिस चारों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पीड़ित छात्र ने आरोपितों को चार बार में कुल 37 हजार रुपये दिये। इसके अलावा कई जेवर भी घर से चोरी कर आरोपितों को सौंपा। इसमें सोनी की चेन, बाला एक सेट, कनबाली दो सेट व नथिया शामिल है। इस बार भी दस हजार रुपये और कुछ जेवर देने के लिए आरोपितों ने गझंडी में पीड़ित को बुलाया था। इस मामले में आरोपित छात्रों की लगातार बढ़ती मांगों से पीड़ित छात्र अवसादग्रस्त हो गया था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि इस परेशानी से कैसे बाहर निकले। ऐसे में उसने पिछले दो-तीन दिन से खाना-पीना बंद कर दिया था। वह अपनी मां को अक्सर कहने लगा था कि वह अब नहीं बचेगा।

### सोशल मीडिया पर तस्वीर डालने की दी धमकी

पीड़ित छात्र द्वारा रुपये देने में असमर्थता जताने पर आरोपी छात्र उसकी एडिटेड अश्लील तस्वीर को सोशल मीडिया पर डालने और थाने में देने की धमकी देते थे। आरोपी उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। साथ ही बार-बार अधिक रुपये लाने का दबाव बनाते रहते थे। इस कारण कई बार घर से रुपये चोरी करने का मौका नहीं मिलने पर पीड़ित छात्र ने मां के सोने के गहने भी चोरी कर आरोपी छात्रों को दिए। अब चारों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं तो वहीं उक्त पीड़ित छात्र के परिजनों ने राहत की सांस ली है।

## विभाग ने अवैध क्रशर संचालकों पर की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** जिला खनन पदाधिकारी अजित कुमार के निर्देश पर खनन विभाग के द्वारा खान निरीक्षक सुनिल कुमार ने गिद्दी थाना अंतर्गत अवैध रूप से संचालित क्रशरो का जांच किया। जांच के क्रम मे 2 क्रशर अवैध रूप से संचालित पाये गये। अवैध क्रशर संचालको में रामराज पाल, पिता-सिधेश्वर पाल, ग्राम रेलीगढा, थाना गिद्दी, मो शमशाद अहमद, पिता मो सुल्तान अहमद, ग्राम रेलीगढा, थाना गिद्दी, राजेश ठाकुर, पिता-सुरज नारायण ठाकुर, ग्राम रेलीगढा, थाना गिद्दी शामिल हैं। मौके से खान निरीक्षक ने भारी मात्रा मे अवैध रूप खनन कर लाये गये और एक डंपर गाड़ी नं जेएच 02 जे 2058 भी जब्त किया। खान निरीक्षक ने बताया कि उक्त तीनों क्रशर संचालक गिद्दी ए कोलियरी से फायर क्ले अवैध रुप से चोरी करके क्रशर के माध्यम से प्रोसेसिंग कर उंचे दाम में बेच रहे थे। उन्होंने कहा कि संचालनकर्ता के पास खनन विभाग से डीलर्स निबंधन नहीं प्राप्त किया है। जिसके कारण उपरोक्त तीनों क्रशर संचालकों के साथ साथ जब्त गाडी के मालिक, चालक और गिद्दी ए कोलियरी के सुरक्षा प्रभारी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## केरेडारी के बेलतु में जमीन विवाद में मारपीट, दर्जन से अधिक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केरेडारी।** केरेडारी थाना क्षेत्र के बेलतु गांव में जमीनी विवाद को लेकर सोमवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई घटना अहले सुबह की बतायी जा रही है। इस घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज केरेडारी सीएचसी में किया गया जबकि दो लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया है। घटना को लेकर केरेडारी थाना में दोनों पक्षों से मामला दर्ज कराया गया है रीता देवी पति जागेश्वर साव के फर्द बयान पर 25 लोगों पर मामला दर्ज कराया गया है जबकि दूसरे पक्ष से गुलाब कुमार पिता सीताराम साव के द्वारा कुल 11 लोगों के खिलाफ लिखित मामला दर्ज कराया गया है थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा ने बताया की विगत चार वर्षो से दोनों पक्ष के बिच जमीनी विवाद कोर्ट में चल रहा है करीब एक वर्ष पूर्व भी इसी तरह विवाद हुआ था उस समय कोर्ट के आदेश से पुलिस के द्वारा 107 किया गया था। पुलिस मामले की छान बिन कर रही है दोषीयों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## महापड़ाव को लेकर सीटू ने की आमसभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**झुमरीतिलैया।** केंद्र सरकार की मजदूर और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ और कॉरपोरेट भारत छोड़ो के आह्वान के साथ अंग्रेजों भारत छोड़ो दिवस पर 10 केंद्रीय मजदूर संगठनों व स्वतंत्र फेडरेशनों के देशव्यापी आह्वान पर 9 अगस्त को धनबाद में होने वाले मजदूरों का महापड़ाव की सफलता के लिए सीटू से संबंध झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के बैनर तले सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित तालाब पार्क में मजदूरों की आमसभा हुई। महापड़ाव में सैकड़ों की संख्या में भाग लेने का सर्वसम्मत फैसला लिया गया। सभा में मोदी हटाओ देश बचाओ, भाजपा हटाओ लोकतंत्र बचाओ, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, महापड़ाव सफल करो आदि नारे लगाये जा रहे थे। इस अवसर पर पर शंभु पासवान की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए सीटू नेता और झारखंड राज्य निर्माण कामगार यूनियन के राज्य संयुक्त सचिव प्रेम प्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार की विफलताओं को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। अपनी विफलता को छुपाने के लिए यह सरकार हिन्दू-मुस्लिम, भारत पाकिस्तान की अलगाववादी एजेंडे पर काम कर रही है। इस सरकार में महंगाई, बेरोजगारी व कॉरपोरेट लूट में बेतहाशा वृद्धि हुई है। यदि फिर से यह सरकार सत्ता में आयी तो देश पूरी तरह से बर्बाद हो जायेगा। अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के संयुक्त सचिव दिनेश रविदास ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार जब तक रहेगी, तब तक मजदूरों व आमलोगों का अधिकार छीना जायेगा। हम सभी को मिलकर इस सरकार से मजदूरों की रक्षा करना होगा। सभा में बालेश्वर राम, राजेंद्र पासवान, रविंद्र भारती, नागेश्वर दास, काली दास, बारीक अंसारी, राजु दास, विदेशी राम, बलराम सिहं, हरिहर सिहं, बसंती देवी, शिवनंदन भूइयां, रेखा देवी, बासमती देवी, फुलवा देवी, पारो देवी, शांति देवी, भोला यादव, रानी देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष मौजूद थे।

## अनियंत्रित ट्रेलर चरही घाटी में पलटा

**चरही (आजाद सिपाही)।** चरही घाटी युपी मोड में सोमवार दोपहर दो बजे ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया ट्रेलर हजारीबाग से रामगढ़ की ओर जा रही था। इस क्रम में ट्रेलर में एक 15 वर्षीय लड़का फस गया, स्थानीय लोगों ने पुलिस को सुचना दी, सुचना पाते पुलिस मौके पर पहुंच कर निकालने की कोशिश की। परंतु कोशिश एक भी नहीं चला गैस कटर के मदद से बहुत ही हिसाब से रोक रोक कर काटा गया बहूत मस्कत के बाद तीन घंटे के बाद उसे निकाला जा सका नेशनल हाइवे 33 को एक लाइन लगभग तीन घंटों तक बंद कर दिया गया वाहन निकलने के बाद पुनंह दोनो तरफ का रास्ते को चालू कर दिया गया। ट्रेलर का चालक कोडरमा जिले के रहने वाले है चालक घुमाने के लिए अपने भाई को साथ ले जा रहा था लेकिन रास्ते में घटना के बाद लड़के को गंभीर चोट लगी और चालक भी घायल है जिसको स्वास्थ्य केंद्र मांडू भेजा गया।

# फर्जी भुगतान से ठगी गयी तीन एसी मशीन बरामद, दो गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यु मुन्ना इलेक्ट्रोनिक्स दुकान से गत 20 मई को एक ग्राहक फोन करके चार एसी का ऑडर किया और दिये गये पते पर भेजने के लिए बोला गया। इसी क्रम में विश्वास में आकर दुकानदार के द्वारा ग्राहक के दिये हुए पते पर चार एसी भेज दिये। इसके बाद ग्राहक के द्वारा फर्जी पेमेन्ट दुकानदार को किया गया। जब तक दुकानदार समझ पाता ग्राहक सभी एसी को लेकर भाग गया। इस संबंध मे न्यु मुन्ना इलेक्ट्रोनिक के मालिक के आवेदन पर लोहसिंघना थाना में काण्ड संख्या 139/23 दर्ज किया तथा उक्त एसी की बरामदगी हेतू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व मे एक छापामारी टीम का गठन किया। इस टीम में एसडीपीओ महेश प्रजापति, पुअनि थाना प्रभारी बिपिन कुमार यादव, पुअनि सुनिल कुमार तकनीकी शाखा की मदद से छापामारी किया जा रहा था। 6 अगस्त को ठगी करने वाले अभियुक्त को रांची से गिरफ्तार किया गया तथा ठगी किये गये तीन एसी को बरामद किया गया तथा दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इस काण्ड मे ठगी की गयी एक एसी की बरामदगी और कांड में शामिल अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू छापामारी जारी है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों की सूची**

मो एयाज अहमद उर्फ रजत कर्बला चौक चिस्तिया नगर, थाना लोवर बाजार, रांची और मो रेहान अहमद निजाम नगर, थाना हिंदपिढ़ी, जिला रांची शामिल हैं।

## मुन्ना मल्लिक प्रदेश महासचिव, मिथलेश और अर्जुन बने जदयू प्रदेश सचिव



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो के कुशल नेतृत्व में हजारीबाग जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष कुमेश्वर महतो, प्रदेश महासचिव मुन्ना मल्लिक, प्रदेश सचिव मिथिलेश सिंह और प्रदेश सचिव अर्जुन कुमार मेहता को बनाया गया है। इस अवसर पर हजारीबाग जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने खुशी जाहिर करते हुये कहा है कि इन चारों नेताओं को प्रदेश में इनके कार्य कुशलता को देखते हुये प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने पद और प्रतिष्ठा दी है। इनके प्रदेश पदाधिकारी बनने से हजारीबाग जिले के संगठन के समेत पूरे झारखंड राज्य का संगठन मजबूत होगा। जिले के तमाम पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्ष, महिला नेता गण खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में जिला कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह, जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, अविरल बिहारी लाल, जिला महासचिव सुरेश कुमार वर्मा, जिला सचिव भुनेश्वर ठाकुर, संजय राम, प्रदेश अल्पसंख्यक के नेता रोमी सलूजा, गुलशन राज, मामून रशीद, इचाक प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद मेहता, सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा, आनंद प्रकाश पांडे, दिनेशवर महतो, नगर अध्यक्ष यासीन अंसारी आदि शामिल हैं।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रखंड सभागार में एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, संचालन बीपीओ राजीव आनंद ने किया। इस कार्यक्रम के तहत उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 5 सूत्री कार्यक्रम सफल बनाने हेतु संकल्पित होकर देश की एकता अखंडता बनाये रखने के लिए देश के वीर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को पूरे देश में पंचायत स्तर पर चिन्हित कर पंचायत के विशेष स्थानों पर अंकित करना है। साथ ही देश के नागरिकों को 5 सूत्री कार्यक्रम के तहत देश के सम्मान में एकजुट होकर देश की एकता को बनाये रखने के लिए कई कार्यक्रम तय किये गये हैं, जिसे सभी जनप्रतिनिधियों और प्रखंड के कर्मियों द्वारा सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सिरा फल सूचना पट्ट, पंचप्राण प्रतिज्ञा, वसुधा वंदना, वीरों का वंदन, ध्वजा धारण और राष्ट्रगान मनाना है। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम ने पंचायत प्रतिनिधियों की सभा में नहीं पहुंचने पर नाराजगी व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सिकंदर मेहता, नावाडीह मुखिया काजल देवी, मंगूरा मुखिया मिना देवी, हदारी पंचायत समिति सदस्य रेनू देवी, बरका कला मुखिया सिकंदर दास, 20 सूत्री सदस्य बाबुल हादसा, रामप्रवेश सिंह, कनीय अभियंता सुनील कुमार, अफजल हुसेन आदि उपस्थित थे।

## मुखिया ने कोल ब्लॉक की जमीन भू रैयतों को वापस करने को लेकर लिखा पत्र

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पाण्डु पंचायत की मुखिया सकीबा खातून ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आयरन पॉवर लिमिटेड डुमरी कोल ब्लॉक द्वारा अधिग्रित जमीन भू रैयतों को वापस दिलाने की मांग की है मुख्यमंत्री को सौंपे मांग पत्र में मुखिया साकिबा खातुन ने कहा है कि हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत पाण्डु बलिया में निलांचन आयरन पॉवर लिमिटेड को डुमरी कोल माइंस के नाम से भारत सरकार द्वारा जमीन अधिग्रहण कर कोयला खनन कार्य के लिए वर्ष 2009-10 में उक्त क्षेत्र अधिग्रहित किया गया था। पर निर्धारित समय सीमा के गुजर जाने के बाद भी कोयला खनन का कार्य निलांचन आयरन पॉवर लिमिटेड द्वारा नहीं किया जा सका है। परिणाम स्वरुप भू रैयतों का बड़ी मात्रा में जमीन निलांचन पॉवर लिमिटेड के पास में है उक्त गांव के जमीन पर कंपनी द्वारा किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है इसलिए कंपनी द्वारा अधिगृहीत जमीन भू रैयतों को वापस दिया जाये, मांग पत्र की प्रति लिपि अल्पसंख्यक कल्याण निबंधन और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन व उपायुक्त हजारीबाग को भी दी गयी है। आशय कि जानकारी मुखिया सकिबा खातून ने दी है।

## विश्वहिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की संयोजिका बनी डॉ साध्वी देव नीति



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद की बैठक की गयी। बैठक में डॉ साध्वी देव नीति को बरकट्ठा प्रखंड दुर्गावाहिनी संयोजिका का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने कहा कि पुरी इमानदारी के साथ इस पद को निभाने का प्रयास करूंगी। डॉ साध्वी देव नीति को बरकट्ठा दुर्गावाहिनी संयोजिका बनने पर जिला मंत्री अरविंद मेहता, सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, संयोजक प्रशांत सिंह राजपूत, प्रखंड मंत्री सत्यम भारती, अध्यक्ष संजय यादव, व्यवस्था प्रमुख मुकेश पांडेय, धर्म प्रचार प्रसार प्रमुख धीरज गुप्ता समेत सभी दायित्ववान अधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनायें दी।

## प्रवासी मजदूर की मुंबई में सड़क दुर्घटना में मौत

**दारू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र मेडकुरी कला के रहने वाले प्रवासी मजदूर धोनी कुमार तुरी (19 वर्ष) पिता विजय तुरी की रविवार रात्रि को मुंबई में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। धोनी के परिवार वालों ने बताया कि 15 दिन पहले ही देवकुली के रहने वाले 5 से 6 लड़कों के ग्रुप के साथ वह मुंबई काम करने के लिए गया था। उसके साथ गये लोगों ने बताया कि मेडकुरी से मुंबई राजेंद्र तुरी के साथ गया था और 15 दिन के बाद ऐसी घटना घट गई। इसकी पूरी जानकारी शव के पहुंचने के बाद ही पता चलेगा। धोनी के शव को मुंबई से ट्रेन द्वारा लाया जा रहा है। परिवार वालों ने हत्या का आशंका जताया है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू , बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में सदस्यता अभियान कार्य का शुभारंभ किया गया है। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य व हजारीबाग जिले के मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने उरीमारी जराजरा से सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नये सदस्यों को पर्ची भरकर झामुमो का सदस्य बनाने का कार्य किया गया। इस दौरान संजीव ने सभी वरिष्ठ झामुमो कार्यकर्ताओं को गांव मोहल्ला टोला चौक चौराहे में घूम घूम कर झामुमो पार्टी में नए सदस्यों को जोड़ने का निर्देश दिया गया है। बेदिया ने कहा की बड़कागांव विधानसभा में 50,000 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। 2024 में लोकसभा और विधानसभा की तैयारी चल रही है। सदस्यता अभियान में राजेंद्र बेदिया, शंकर साव, संजय भुईयां, नंदकिशोर भुइयां के अलावा कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इचाक झामुमो कमेटी ने फागू बेसरा, संजीव और कमल को दी बधाई

**इचाक (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमेटी इचाक ने फागु बेसरा को केंद्रीय महासचिव, जबकि संजीव बेदिय केंद्रीय सचिव और डॉ कमल सिंह केंद्रीय सदस्य बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। केंद्रीय नेताओं को बधाई देने वालों में 20 सूत्री सदस्य इचाक दिगम्बर कुमार मेहता, रामप्रवेश सिंह, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, प्रयाग मेहता, संतोष मेहता, महेंद्र राम, बाबुन हासदा, प्रवील मेहता, उमेश मेहता, रामफल मेहता, संजय राम आदि शामिल हैं।

## 13 अगस्त से लोहरदगा स्टेशन पर होगा राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। लोहरदगा के यात्रियों का राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर लंबा इंतजार अब खत्म हो गया है। क्योंकि अब लोहरदगा रेलवे स्टेशन में आगामी 13 अगस्त, 2023 से राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव शुरू होगा। इसे लेकर रेलवे बोर्ड की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को लोहरदगा रेलवे स्टेशन में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुदर्शन भगत हरी झंडी दिखायेंगे। रेलवे बोर्ड ने राजधानी एक्सप्रेस के लोहरदगा में ठहराव को लेकर विगत 24 जुलाई को ही अधिसूचना जारी कर दी थी। हालांकि, अधिसूचना जारी होने के बाद इसकी तिथि को संशोधित किया गया था।

## किस्को में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज 16 अगस्त को

किस्को/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत स्थानीय मिडिल स्कूल मैदान में आगामी 16 अगस्त से फ्रेंडशिप क्लब के तत्वावधान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर आयोजन समिति की ओर से टूनार्मेंट को भव्य तरीके से सफल बनाने हेतु पूरी तरह से तैयारी कर ली गयी है। इधर प्रतियोगिता के बेहतर तरीके से संपन्न कराने को लेकर आयोजन समिति के कार्यकताओं ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 16 अगस्त से किस्को मिडिल स्कूल मैदान के प्रांगण पर स्थित फुटबॉल मैदान में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 और 17 अगस्त को होने वाली दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों को आमंत्रित किया गया है।

## आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान कांवरिया सेवा जत्था देवघर रवाना



लातेहार(आजाद सिपाही)। लातेहार आलोक मोहन स्मृति सेवा संस्थान के तत्वावधान में कांवरिया सेवा जत्था सोमवार को लातेहार से देवघर के लिए रवाना हो गयी। लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम, पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी और संस्था के संयोजक रामनाथ अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बोल बम के नारे के साथ सेवा जत्था को रवाना किया। मौके पर संस्था के संयोजक रामनाथ अग्रवाल ने बताया कि उनकी संस्था के द्वारा पिछले 10 वर्षों से सुल्तानगंज- देवघर पथ पर स्थित खिजुरिया के पास सेवा शिविर लगायी जाती है। उस दौरान कांवरियों की सेवा करने का जो सुख प्राप्त होता है। उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि आगामी 20 दिनों तक सेवा शिविर लगाकर कांवरियों की सेवा की जायेगी। इस दौरान सेवा शिविर के संयोजक श्याम किशोर अग्रवाल, अमित किशोर अग्रवाल, भाजपा नेता राजधानी यादव, निवर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, रामदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समाजसेवी मुरली अग्रवाल, पंकज तिवारी, संजय तिवारी, ध्रुव कुमार पांडेय समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सत्य और न्याय की जीत : अनीश

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिला कांग्रेस कमेटी के कैरो प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान ने सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी के 2 वर्ष की सजा पर रोक लगा दी है। अनीश ने कहा कि यह सच्चाई और न्याय की जीत है। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से पूरे देश के कांग्रेसजन उत्साहित है। अनीश ने कहा कि एक षडयंत्र के तहत राहुल गांधी को 2 वर्ष की अधिकतम सजा दी गयी थी अब राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल कर दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 2 वर्ष की सजा देना न्यायोचित नहीं था।`इस निर्णय से अब इंडिया गठबंधन को फायदा होगा। और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन की सरकार बनना तय है।

## समावेशी शिक्षा अंतर्गत शैक्षिक प्रशासकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना, के द्वारा समावेशी शिक्षा अंतर्गत शैक्षिक प्रशासकों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के पोषक क्षेत्र में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को उनकी क्षमता अनुरूप उनकी दिव्यंगता के आधार पर पहचान करते हुए आवश्यक रणनीति निर्माण कर शिक्षा की मुख्य धारा में बनाये रखने का हर संभव हर स्तर से प्रयास किया जाना है। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, रिसोर्सेस शिक्षक, थैरेपिस्ट औरं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बालूमाथ के मुखिया संघ ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल और ट्रैक सूट का किया वितरण

बालूमाथ(आजाद सिपाही)। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च विद्यालय मैदान परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर बालूमाथ प्रखंड के मुखिया संघ के द्वारा उच्च विद्यालय की स्टूडेंट क्लब के खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल एवं ट्रैकसूट का वितरण किया गया। वितरण करते हुए बालूमाथ प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष नरेश उरांव ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने क्षेत्र के प्रतिभावान होते हैं और उनकी पहचान खेल के माध्यम से ही क्षेत्र में जानी जाती है। मौके पर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र की मुखिया सोनामणि कुमारी, संध्या देवी, शीलो देवी, कुमारी भगवती, विमला, नीलिमा तिर्की समेत कई मुखिया मौजूद रहे। इस दौरान स्टूडेंट्स क्लब के कोच राज किशोर पासवान के साथ साथ खेल प्रेमियों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## सहायक योजना पदाधिकारी को दी गयी विदाई




लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सहायक योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा को उनके दुमका जिला स्थानांतरण पर लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से विदाई दी गई। श्री तिग्गा का पदस्थापन प्रभारी जिला योजना पदाधिकारी, दुमका के रूप में हुआ है। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, ने कहा कि शिशिर तिग्गा बहुत ही सुलझे हुए और उच्च शिक्षा प्राप्त किये पदाधिकारी हैं। एक सफल पदाधिकारी बनने के लिए नम्र स्वभाव बहुत ही जरूरी है। निर्वाचन कार्यों में इन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से अपने ने दायित्वों का निर्वहन किया। सहायक योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा ने कहा कि तीन वर्षों में लोहरदगा जिला में बहुत कुछ सीखने को मिला। अभी बहुत कुछ और सीखना था इस जिला में लेकिन अब पदस्थापन स्वरूप यह जिला छोड़ना पड़ रहा है। श्री तिग्गा लोहरदगा जिला में प्रभारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के रूप में भी कार्य देख रहे थे। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अवर निबंधक सुभाष दत्ता समेत अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारीगण और कर्मीगण उपस्थित थे।

# गांवों से शुरू होगी मिट्टी यात्रा, घरों में फहराया जायेगा तिरंगा : उपायुक्त

**13 से 15 अगस्त तक जिला में मनाया जायेगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम : हिमांशु मोहन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर आज शनिवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की रुपरेखा तैयार करते हुये पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को पूर्वाभ्यास और स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में आयोजित किया जायेगा। जिसमें झंडोतोलन-राष्ट्रगान, परेड का आयोजन किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने जिला खेल स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लोगों के बैठने की व्यवस्था, अग्निशमन दस्ता, स्वतंत्रता सेनानियों को आमंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था, परेड समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर निर्देशित किया।

उपायुक्त ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान अंतर्गत किये जाने वाले कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 09 अगस्त से 15 अगस्त तक मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित किये जायेंगे। जिला के सभी गांवों, पंचायतों में इस अभियान के दौरान विशेषकर 5 कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिनमें हर गांव से मिट्टी यात्रा शुरू की जायेगी। इसके साथ ही पंचायतों और गांवों में अमृत वाटिका, वसुधा वंदन, वीरों का वंदन कार्यक्रमों के अलावा शिलाफल्कम बनाए जायेंगे, जिनमें वीरगति को प्राप्त हुए वीर सैनिकों के नाम लिखे जायेंगे। आगे उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि जिला में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजित किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य गण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य व्यक्तियों समेत अन्य उपस्थित थे।

# केरला इंस्टीट्यूट आफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की टीम ने किया किस्को की देवदरिया पंचायत का भ्रमण

**किस्को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और कर्मियों के कार्यशैली से टीम के लोग दिखे खफा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**टीम की क्षेत्र भ्रमण के दौरान इनकी रही मौजूदगी**

लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवदरिया का क्षेत्र भ्रमण में मुख्य रूप से केरला इंस्टीयूट आफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की एक्सपर्ट सारन्या केएन, प्रशाखा पदाधिकारी पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार राजीव रंजन तिवारी, बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज पदाधिकारी आकाश कुंवर, जिला पंचायती राज विभाग परियोजना प्रबंधक विमलेश कुमार, रोजगार सेवक मंगलदास तिर्की उप मुखिया आशीष प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती और उग्रवाद प्रभावित किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवदरिया का केरला इंस्टीयूट आफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की टीम के द्वारा भ्रमण कर स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा योजना और पंचायती राज द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया गया। इस दौरान टीम के केरला इंस्टीयूट आफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन की एक्सपर्ट सारन्या केएन, प्रशाखा पदाधिकारी पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के राजीव रंजन तिवारी के द्वारा पंचायत सचिवालय देवदरिया में मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों पंचायत में पदस्थापित कर्मियों शिक्षकों से क्षेत्र की गतिविधियों और पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा जनहित में दी जा रही लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए जायजा लिया गया। बैठक कर पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में टीम के द्वारा बीडीओ बुड़ायं सारू से जानकारी प्राप्त किया। मौके पर मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड की जानकारी, विभिन्न प्रकार के पेंशन, बाल विकास परियोजना अंतर्गत योजनाओं और महिला हिंसा आदि के बारे में विस्तृत रूप से कर्मियों से जानकारी ली। इस बीच विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांगता पेंशन की जानकारी बाल विकास परियोजना की जानकारी ली गयी।

वहीं पूर्व से सूचना के बाद भी बीडीओ के कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग की ओर से एक भी पदाधिकारी या कर्मी की उपस्थिति नहीं होने से टीम के लोग खफा दिखायी दिये। ऐसे में शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही देखने के लिए मिला जिसकी शिकायत निश्चित रूप से झारखंड सरकार के समक्ष रखी जायेगी।

## जल मीनार खराब होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी



लातेहार(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के सासंग ग्राम के डूंगरी टोला में पिछ्ले कई महीनों से जल मीनार खराब पड़ा है। पानी की किल्लत होने के कारण ग्रामीण मजबूर होकर आधा किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार पीएचडी विभाग में आवेदन दिया गया मगर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है जिसके बाद ग्रामीणों ने थक हार कर इस समस्या को लेकर पंचायत समिति के पास पहुंचे और अपनी समस्याओं से अवगत करवाया और कहा कि जल मीनार खराब होने के कारण हम लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कतें हो रही है जबकि इस जल मीनार से 50 से ज्यादा घर के परिवार जुड़े हुए हैं जिसके बावजूद भी अब तक जल मीनार मरम्मत नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों की समस्या को सुनने के बाद नसबुलेन आलम ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि जल्द से जल्द जल मीनार ठीक करा कर आप लोगों का पानी का समस्या दुर कराने का काम किया जायेगा।

## 10 अगस्त को पेंशनर्स महासंघ का दिल्ली के रामलीला मैदान में धरना-सत्याग्रह

लोहरदगा(आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव महेश कुमार सिंह ने बयान जारी कर बताया कि समूचे देश में तमाम केन्द्रीय और राज्य कर्मियों को ओल्ड पेंशन देने के लिए देश भर के केन्द्रीय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी और अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के सदस्यगण 10-अगस्त को रामलीला मैदान दिल्ली में धरना-सत्याग्रह करेंगे। जिसमे वरिष्ठ नागरिक भी भाग लेंगे। झारखंड से 50 वरिष्ठ नागरिक धरना-सत्याग्रह में भाग लेने की तैयारी कर चुके हैं। श्री सिंह ने बताया कि सेवा की बात को लेकर जन प्रतिनिधि लोग मात्र 5 साल के लिए चुनकर विधान सभा और संसद में जाते हैं। 5 वर्षों तक रहना-सहना फ्री,आना-जाना फ्री, खाना-पीना फ्री, सारी सुविधा फ्री के साथ-साथ वेतन तथा भत्ता भी लेते हैं और 5 वर्ष खत्म होने के बाद ओल्ड पेंशन भी लेते हैं। वहीं 2004 के बाद नियुक्त गजेटेड-ननगजेटेड कर्मचारियों को कुछ भी नहीं,इस देश में कर्मचारियों के साथ यह कैसा न्याय है? पेंशनरों का ई एल जमा होने के बाद भी कुछ सुविधा नहीं, 65 वर्ष उम्र के बाद अतिरिक्त पेंशन, रेलवे भाड़ा में 40% और महिला पैसेंजर को 50% छूट को रोक दिया गया है, जो सरासर अन्याय है।

**मणिपुर घटना के विरोध में बिरसा मुंडा एकता मंच का जुलूस प्रदर्शन**

# मणिपुर में शांति बहाली के लिए राष्ट्रपति शासन लागू हो : विक्टर

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के बिरसा मुंडा एकता मंच के बैनर तले मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर अमानवीय व्यवहार एवं मणिपुर घटना के विरोध में आदिवासियों व विभिन्न समुदाय के लोगों ने सोमवार को विक्टर कारकेट्टा एवं शशि भूषण तिवारी के नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विरोध प्रदर्शन स्थानीय चर्च परिसर से निकलकर प्रखंड के रेलवे कॉलोनी, बाजार समेत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए रेन बसेरा में आकर समाप्त होकर एक सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता विक्टर केरकेट्टा ने किया। वही संचालन सिपिरयन मिंज ने किया। आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शशि भूषण तिवारी ने कहा कि मणिपुर राज्य विगत तीन मई से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। बावजूद हमारे देश के भाजपा नेतृत्व वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार मुक दर्शक बनी हुई है तथा अबतक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पुर्नतः नाकाम रही है। सभा को राजकुमार भुइंया, जोसेफ लाकड़ा, वेरोनिका कुजूर, उज्जवल मिश्रा, जॉन मिंज, राजेश एक्का, शोषण तिग्गा समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने संबोधित किया। जबकि कार्यक्रम सभा के अंत में एक प्रतिनिधिमंडल बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार सारण के माध्यम महामहिम राज्यपाल को 9 सूत्री मांग पत्र दिया। जिसमें मणिपुर राज्य में जारी जातीय हिंसा को रोकने में नाकाम मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त करने, मणिपुर राज्य में अविलंब शांति और कानून व्यवस्था बहाल करने, राहत शिविरों में रह रहे नागरिकों के पुनर्वास की गारंटी सुनिश्चित करने, जातीय हिंसा के शिकार आम नागरिकों को न्याय दिलाने की दिशा में अविलंब आवश्यक कानुनी कार्रवाई करने, राज्य में दुष्कर्म के पिड़िता और हिंसा की शिकार आदिवासी महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कानुनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गयी है।

## भाजपा नेताओं सहित ग्रामीणों ने सांसद को दी बधाई

बरवाडीह(आजाद सिपाही)। रांची सासाराम एक्सप्रेस का छिपादोहर स्टेशन में ठहराव और रांची संबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव बरवाडीह होने पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने चतरा सांसद सुनील सिंह को बधाई दी है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भीमानंद गिरी ने बताया कि एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव होने से छिपादोहर के साथ साथ गारू, महुआडांड़ के लोगों को भी इसका फायदा होगा। ज्ञात हो कि कोरोना काल से पहले छिपादोहर में दो एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव था जिसमे शक्तिपुंज और पलामू एक्सप्रेस थी। लेकिन कोरोना काल के बाद से दोनों एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव बंद हो गया था। ग्रामीणों की लगातार मांग और आंदोलन के बाद सांसद सुनील सिंह का प्रयास रंग लाया। बधाई देने वालों में उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल, भीमानंद गिरी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप यादव रामधनी सिंह, दिलीप सिंह, मुन्ना गुप्ता, अजय सोनी, श्रवण सिंह, सुधीर प्रसाद, दुर्गा अग्रवाल, सुरेश प्रसाद सहित लोगों ने बधाई दी।

## आइ फ्लू संक्रमण से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग चला रहा जागरूकता अभियान



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में आई फ्लू संक्रमण का प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप का आयोजन कर जागरूकता के साथ बचाव हेतु चिकित्सकों ने परामर्श दिया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव के अलावे ज्यादा कर स्कूली बच्चों में आई फ्लू संक्रमण का प्रकोप देखने को मिला है। जिसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से बचाव और सावधानी रखने के दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही बताते हुए उन्होंने कहा आई फ्लू संक्रमण बीमारी ऐसा बीमारी है। जो एक दूसरे के संपर्क में आने से या संक्रमित व्यक्ति का सामग्री इस्तेमाल करने से फैलता है।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हुई



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 से संबंधित समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में घर-घर मतदाताओं का सत्यापन कार्य में कम उपलब्धि हासिल करनेवाले सुपरवाइजर को 14 अगस्त 2023 तक 70 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करने, 60 प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करनेवाले सुपरवाइजर को सौ प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अरविंद कुमार लाल, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, सहायक निर्वाचक पदाधिकारी, सभी सुपरवाईजर उपस्थित थे।

## बागवानी योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। मनरेगा अंतर्गत प्रखेंड स्तरीय एक दिवसीय बागवानी योजना के तहत उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सदर प्रखण्ड कार्यालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक तकनीकी पदाधिकारी, डीआरडीए सुनीता नीलमणि मिंज द्वारा बागवानी योजना के क्रियान्वयन और प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गयी। इसमें बिरसा हरित ग्राम योजना के बारे बताया गया। इसके उपरांत बागवानी हेतु क्रय की जाने वाली सामग्रियों, पौधों का चयन, उनके रोपण का तरीका, पौधों को होने वाले रोगों से बचाने के तरीके बताये गये। साथ ही, पौधों के बेहतर वृद्धि की जानकारी दी गयी।

## सावन की पांचवीं सोमवारी पर शिवलिंग के दर्शन को भक्तों की उमड़ी भीड़



मनिका(लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित नामूदाग पंचायत के मानिकडीह स्थित मनिकेश्वर महादेव मंदिर में पांचवें सोमवारी को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़। वही मंदिर के पुजारी ने कहा इस साल सावन 58 दिन का है जिसमें आठ सोमवार आ रहे हैं यही वजह से महादेव भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सावन मास के सोमवार को भगवान के दरबार में अद्भुत आरती हुई। मनिकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी अखिलेश पाठक भगवान पंचामृत भांग धाथुर फल मेवा अदी का से भगवान को भोग लगाया। मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष अमरदीप कुमार, मनदीप कुमार, नागेंद्र यादव, बिरझू सिंह, चन्दन यादव, सन्तोष यादव, नागेंद्र कुमार यादव समेत कई मंदिर कमेटी के लोग उपस्थित थे।

## टमाटर लोगों की थाली से हुआ दूर, दो सौ से ढाई सौ रुपये किलो बिक रहा

महुआडांड़ (आजाद सिपाही)। दिन-ब-दिन टमाटर का रेट आसमान छूते जा रहा है कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। सोमवार को महुआडांड़ में सप्ताहिक हाट बाजार लगता है बाजार में दुर दराज गांव से भी लोग सब्जी बेचने आते हैं। इस दौरान देखा गया कि टमाटर सारे व्यापारी के पास ना रहकर कुछ ही लोगों के पास था। जब टमाटर के रेट के बारे में पूछा क्या तो 200 से 250 रू किलो तक बताया गया। जिसके कारण जहां लोग 1 किलो टमाटर की खरीदारी करते थें वहीं पर अब लोग 250 ग्राम टमाटर की खरीदारी कर रहे हैं। वही कई लोगों की थाली से तो टमाटर ही गायब हो चुका है।

## जेएमएम कार्यकर्ताओं ने बैद्यनाथ राम को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर दी बधाई



बारियातू(आजाद सिपाही)। लातेहार के लोक प्रिय जेएमएम विधालय बैधनाथ राम को पार्टी के द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बारियातू के जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव ने सोमवार को प्रखंड के कई जेएमएम समर्थकों को मिठाई खिलाकर बधाई दिया। वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष यादव ने कहा कि जेएमएम पार्टी गरीब, मजदूर, किसान, दलित की पार्टी है। बधाई देने में साल्वे पंचायत के मुखिया राजिव भगत, टोंटी पंचायत के पंसस मो होजैफा, बारियातू जेएमएम पंचायत अध्यक्ष पवन यादव, टोंटी पंचायत अध्यक्ष प्रमोद यादव, लवकुश कुमार, राकेश कुमार सहित कई समर्थक शामिल रहे।

## सावन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। महिला शक्ति स्वरूपा शास्त्री चौक लोहरदगा के द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम स्थानीय गुदरी बाजार मुद्रिका वेंकट हॉल लोहरदगा में ग्रुप की महिला निधि गुप्ता, रीमा साहू और खुशबू गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुरूआत महिला शक्ति स्वरूपा ग्रुप की लीडरशिप निधी गुप्ता के द्वारा किया गया। सावन का महीना किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी समय किसान कई प्रकार के अनाज, सब्जी और फूल आदि की बुआई करते हैं। धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, सूरजमुखी और कई प्रकार की सब्जी आदि की बुआई सावन के महीने में किया जाता है।

## माध्यमिक शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल ने डीइओ से मिलकर समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गुमला ईकाई का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिला सचिव रामानुज शर्मा की अगुवाई में जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला से मिला एवं जिले के माध्यमिक शिक्षकों के समक्ष उत्पन्न विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उन समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की। संघ द्वारा मुख्य रूप से 2019 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि, उत्क्रमित उच्च विद्यालय में ससमय वेतन भुगतान, नवनियुक्त माध्यमिक शिक्षकों का दस्तावेज सत्यापन एवं जल्द वेतन भुगतान, प्रभार संबंधी समस्याओं, वरीय वेतनमान, प्रवरण वेतनमान, प्रोन्नति जैसी गंभीर समस्याओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जाकर उनके समक्ष रखा गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने अविलंब इन सभी बिंदुओं पर यथोचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में संघ की ओर से जिला सचिव रामानुज शर्मा, डॉ कृष्ण कुमार, प्रमोद कुजूर, संजय लकड़ा, रामचन्द्र साहु, जयन्त कुमार पाण्डेय, सोनाली त्रिपाठी, फैजयाब आलम, विनीत नन्द, अनुराग गुंजन सहित जिले के कई वरीय माध्यमिक शिक्षक उपस्थित थे।

## युवती का अगवा कर ट्रक सवार चार लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, सुबह बाइपास में छोड़कर हुए फरार

गुमला (आजाद सिपाही)। रविवार की सुबह गुमला पुलिस को सूचना मिली कि एक युवती को एक ट्रक बाईपास सड़क में छोड़कर फरार हो गया है। वहीं कुछ लोगों ने युवती को सड़क पर भटकते देखा। जिसके बाद एक होटल में ले जाकर युवती को नाश्ता कराया और पूछताछ की, लेकिन युवती कुछ भी नहीं बता पायी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल से युवती को उठाकर महिला थाना लायी, जहां पूछताछ में युवती स्पष्ट कुछ भी नहीं बता पा रही थी। वह हिंदी भाषा नहीं समझ रही थी, उसे उड़िया भाषा समझ में आती है। जिसके बाद युवती को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उड़िया में बातचीत करने पर युवती ने बताया कि वह ग्राम भालू तुंबा, राजगमपुर, थाना सुंदरगढ़, उड़ीसा की रहने वाली है। वहीं अपना नाम लौरेंशिया टोप्पो, उम्र 20 वर्ष, पिता सिमोन टोप्पो बताया। आगे बताया कि वह दुकान से काम कर अपने घर जा रही थी, तभी शनिवार की रात्रि 8:30 बजे पितरी के समीप एक ट्रक रुका और चार लोग जबरन उठाकर उसे ट्रक में बैठा कर ले गए। वहीं चारों ने रात भर मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद रविवार की सुबह बाइपास के समीप मुझे छोड़कर वे लोग फरार हो गए। वहीं युवती ने बताया कि वे लोग मेरा मोबाइल भी साथ में लेते गए। वहीं नया सिम होने के कारण अपना मोबाइल नंबर भी याद नहीं है। वहीं गुमला थाना की पुलिस युवती की मेडिकल जांच कराकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## बीपीओ ने सरकारी विद्यालयों के पांच संकुल के शिक्षकों के साथ की योजनाओं की समीक्षा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में सोमवार को दिन के दो बजे शिक्षा विभाग घाघरा द्वारा सरकारी विद्यालयों के पांच संकुल के शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने की। बैठक में एमडीएम, पोषण वाटिका पर चर्चा, प्रयास कार्यक्रम हेतु ज्ञानसेतु समूह निर्माण करने, नवोदय विद्यालय में अधिक से अधिक फॉर्म भरने, ई-कल्याण में छात्रवृत्ति फॉर्म एंट्री करने, नजदीकी पोस्ट ऑफिस में खाता बच्चों का खोलने, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के तहत फॉर्म भरने, जन्म प्रमाण पत्र बनाने व प्रशस्त ऐप में 6 वर्ष से 12 वर्ष के आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों का नाम जोड़ने सहित कई बिंदुओं पर निर्देश दिया। वहीं बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने शिक्षकों को किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें। कोई भी बच्चा सरकारी लाभ से वंचित ना हो। जिसके लिए आप हमेशा प्रयासरत रहें। इस मौके पर उपस्थित लोगों में शिक्षक विजय साहू, राजकुमार भगत, राम गोपाल, कृष्ण कुमार साहू, इब्राहिम अंसारी, अमित कुमार, अशोक कुमार, अंजू कुमारी, विमला देवी, रेशमी कुमारी सहित कई शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने भारत बंद के आह्वान को सफल बनाने के लिए किया प्रदर्शन

# आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ किया हाइवे जाम

**पुलिस और प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता के बाद प्रदर्शनकारियों ने हटाया जाम**

**दो घंटे तक जाम के कारण दोनों ओर बाईपास में वाहनों की लंबी कतार लग गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद संगठन के भारत बंद के आह्वान को सफल बनाने के लिए सोमवार को गुमला जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने बम्हनी गांव के समीप नेशनल हाइवे और गुमला बाईपास को पूर्वाह्न नौ बजे जाम कर दिया।

जामकर्ता हाथ में बैनर तख्ती लिए हुए थे और आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, संसद में बनाए जा रहे कानून, समान नागरिकता संहिता, मणिपुर हिंसा एवं महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराध, नेशनल कॉरिडोर एवं भारत माला परियोजना के विरोध में नारे लिखे हुए थे। राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद् संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एचएन रेकवाल के आह्वान पर गुमला में जिला सचिव संजय उरांव के नेतृत्व में सड़क जाम किया गया।

पुलिस और प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों से वार्ता के बाद प्रदर्शनकारियों ने लगभग दो घंटे बाद जाम हटा लिया।

लगभग दो घंटे तक सड़क जाम रहने के कारण नेशनल हाइवे के दोनों और बाईपास में वाहनों की लंबी लाइन लग गई। यात्री वाहनों के जाम में फंसने रहने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## 9 सितंबर की नेशनल लोक अदालत को लेकर गुमला सिविल कोर्ट में तैयारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**पहले पक्षकार अपने-अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए कोर्ट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार में संपर्क कर सकते हैं : पार्थसारथी घोष**

**गुमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार आगामी 9 सितंबर 2023 को होने वाले नेशनल लोक अदालत को लेकर गुमला सिविल कोर्ट में तैयारी शुरू हो चुकी है। इस निमित्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय कुमार चांधरियावी ने सभी न्यायिक पदाधिकारियों से बैठक कर उन्हें योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित कोर्ट्स में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन नेशनल लोक अदालत में किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थसारथी घोष ने बताया कि आगामी 9 सितंबर 2023 में लगने वाले नेशनल लोक अदालत के पहले पक्षकार अपने-अपने मामले को निष्पादित कराने के लिए कोर्ट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार में संपर्क कर सकते हैं। आगामी नेशनल लोक अदालत में कंपाउंडेबल प्रकृति के सभी मामले, बैंक, बिजली मामले, परिवारिक मामले, भरण पोषण, श्रम विभाग आदि से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, मनी रिकवरी से संबंधित मामले, पानी, वन विभाग, उत्पाद विभाग से संबंधित मामले, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम के मामले के साथ-साथ अन्य मामले से संबंधित वादों का भी लोक अदालत में निष्पादन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य सुलहननीय मामले भी काफी सरल तरीके से समाप्त किए जाएंगे। सभी कोर्ट के द्वारा रिकॉर्ड को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठा सकें। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए ग्रामीण

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जमनी गांव में मातृत्व वंदना के पोषक आहार के नाम पर आने वाले कॉल का खौफ इस कदर फैला हुआ है कि लोग नए नंबर से आने वाले फोन कॉल रिसीव करने में डरने लगे हैं। उनके झांसे में आकर जमनी गांव के दो लोगों ने अपने खून पसीना की कमाई गंवा दी है। पीड़ितों का कहना है कि उनके मोबाइल पर कॉल आया था। जिसमें फोन करने वाले ने कहा कि वह बाल विकास परियोजना से बोल रहा है, आपका आंगनबाड़ी के माध्यम से मातृत्व वंदना का पैसा आपके खाता में आएगा। जिसके बाद ग्रामीणों से गूगल पे या फोन पे से एक हजार रुपये भेजने की बात कहकर उनके मोबाइल की जानकारी मांगी। जैसे ही ग्रामीणों ने फोन पे नंबर बताया उनके खाते से राशि कट गई।

## जिला कांग्रेस की लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन संबंधी बैठक आयोजित

**सेवा भाव से काम कर रहे सक्रिय सदस्यों को आगे लाकर लीडर के रूप में उन्हें प्रोजेक्ट करना है : पवन गौतम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डुमरी।** डुमरी प्रखंड के राजा डेरा मैदान में सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश्वर एक्का की अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक आहुत की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत सभी कांग्रेसी के द्वारा नोवल पुरस्कार से सम्मानित कवि, उपन्यासकार, नाटककार, चित्रकार रविंद्र नाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते हुए पुण्यतिथि मनाई गई एवं लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा की गयी। साथ ही लोगों को लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत चयन कर पदभार दिया गया। मौके पर गुमला विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम ने कहा कि बूथ, पंचायत, प्रखंड, जिला स्तर में वैसे कांग्रेसी कार्यकर्ता जो सेवा भाव से पार्टी एवं ग्रामीणों के लिए काम करते हैं जो सक्रिय हैं और आगे बढ़ नहीं पाते हैं वैसे सक्रिय सदस्यों को आगे लाना है और लीडर के रूप में उन्हें प्रोजेक्ट करना है। लोगों को भागीदारी देना है।

जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि सेल प्रकोष्ठ के सभी प्रखंड अध्यक्ष जल्द अपनी कमेटी बना लें। उन्होंने कहा कि जब राहुल गांधी जी ठंड में पैदल चल सकते हैं तो हम सभी कार्यकर्ता अपने बूथ, पंचायत, प्रखंड एवं जिला में एक-एक घर में जाकर समस्या से अवगत क्यों नहीं हो सकते । आप सभी कार्यकर्ता सभी सामाज के बीच सुख-दुख में भागीदारी बनें।

बैठक में विष्णु राम, राजू रंजन महतो, अमृता भगत, तरुण गोप, शाहिद अहमद, अख्तर अली, बेलसाजर मिंज, फिरासत अली, भोला, प्रदीप मिंज, रेखा मिंज, मकबूल आलम, देवरतिया मिंज, मीना लकड़ा, रंजिता तिर्की, हेमा, अरुण, आनंद, संतोष, सचिन, दीपचंद और काफी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

**बैठक :** सिसई विधानसभा महापंचायत सम्मेलन की तैयारियों की हुई समीक्षा

# आजसू पार्टी नेताओं ने बैठक कर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**झारखंड राज्य के बने 23 साल हो गये लेकिन राज्य की परिकल्पना का उद्देश्य पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है : दिलीप नाथ साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** आजसू के सिसई प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत गिरी की अध्यक्षता में बैठक आहूत कर सिसई विधानसभा महापंचायत सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक सिसई मेन रोड कुदरा मोड़ में अयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य रूप से जिला के अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू और केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह खरवार उपस्थित हुए। आगामी 2024 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आजसू पार्टी अपनी पूरी शक्ति के साथ सिसई विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रतिनिधित्व के लिए संगठन का विस्तार और जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा तैयार करने के लिए इस बैठक में विचार विमर्श किया गया।

मौके पर दिलीप नाथ साहू ने कहा कि संघर्ष और बलिदान की ऊपज आजसू पार्टी ने अपने क्रांतिकारी आंदोलनकारी साथियों के बलिदान के बल पर अलग झारखंड राज्य के सपना को प्राप्त कर लिया। लेकिन स्वराज स्वाभिमान की जो परिकल्पना थी, स्वशासन का जो सपना था एक वृहद झारखंड सोने का झारखंड की परिकल्पना की गई थी। झारखंड राज्य के बने 23 साल हो गये लेकिन राज्य की परिकल्पना का उद्देश्य पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। आज यहां युवा बेरोजगार हैं उच्च शिक्षा हेतु तकनीकी संस्थान की कमी है, उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा की परिकल्पना अधूरी है, किसानों के खेतों तक पानी और बिजली का पहुंचाना एक कोरी परिकल्पना हो गई है। वहीं गोपी नाथ ने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे गरीब परिवारों की सुध लेने वाला, राज्य के आशान्वित नेता अपने भोग विलास में लिप्त हैं और चुनाव के समय बरसाती मेंढक की तरह जनता के बीच आकर लोक लुभावन सपने दिखाकर विधान सभा पहुंचने की जो परंपरा है, उस पर सफल होते दिखाई देते हैं। इसके पश्चात जनता की सुध लेने वाला कोई जन नेता जननायक क्षेत्र में दिखाई नहीं देता है। जिला में रोजगार की कमी है खनिज संपदा से परिपूर्ण इस जिले का उपभोग दूसरे जिला से आए व्यवसायिक कंपनियों के द्वारा किया जा रहा है। और यहां के लोग इसके लाभ से वंचित हैं। आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उच्च स्तरीय सोच और विजन से आजसू पार्टी का संगठन विस्तार झारखंड प्रदेश के संपूर्ण जिला में जोरों से किया जा रहा है। गुमला जिला में तीन विधानसभा क्षेत्र हैं, तीन विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के कार्यकर्ता संगठन विस्तार के लिए अपनी पूरी ताकत से क्षेत्र भ्रमण का कार्य कर रहे हैं। सिसई विधानसभा की तैयारी के लिए आज एक बैठक की गई है, अगली बैठक में इसकी रूपरेखा तैयार की जाएगी और सिसई विधानसभा के प्रतिनिधित्व के लिए पार्टी पूरी शक्ति के साथ मैदान में उतरेगी। जनता की आशा आकांक्षाओं के अनुरूप आजसू पार्टी जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहा है। और इस उद्देश्य सोच के माध्यम से सिसई विधानसभा के विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान समर्पित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत गिरी, जिला के किसान मोर्चा का अध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव छोटू (दीपक) साहू, जिला के मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ता सुरेंद्र साहु, सिसई प्रखंड से आशीष गिरी, जागेश्वर गोप, बिरसा बड़ाईक, मनरखन पांडे, धनेश्वर ठाकुर, राजेश चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष तुलसी साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष आमिर खान, जिला सचिव गोलू श्रीवास्तव,युवा अध्यक्ष उत्तम कुमार, प्रदीप सिंह, सुनील कुल्लू, संजय उरांव, पंकज कुमार, विकास कुमार, दिनेश कुमार, अनूप कुमार सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## देवाकी बाबाधाम में सावन की पांचवीं सोमवारी पर लगा श्रद्धालुओं का तांता



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सावन के पांचवीं सोमवारी को घाघरा प्रखंड के देवाकी बाबा धाम में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मनोकामना प्राप्ति के लिए भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती से कामना की। इस दौरान अहले सुबह से ही श्रद्धालु पूजा अर्चना में लग गए थे। इस क्रम में श्रद्धालु व परिसर में मौजूद आचार्यों के द्वारा सुबह की आरती में भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती की आरती कर प्रसाद भोग लगाया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में सूजी का हलवा का लंगर चलाया गया। मंदिर परिसर में लगे सड़क के किनारे मेले में लोगों ने खूब खरीदारी की। पूरा वातावरण हर हर महादेव व बोल बम बोल बम के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर प्रबंधन समिति के वरिष्ठ संरक्षक अशोक उरांव, दिलीप कुमार, किशोर जायसवाल, हेमंत झा, अनिल प्रसाद, प्रेम साहू, सुरेश चौरसिया, आचार्य गोलू पांडेय सहित कई भक्तगण व श्रद्धालु मौजूद थे।

## चैनपुर पुलिस ने सदान बुकमा में फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस ने कांड संख्या 42/10 के प्राथमिकी अभियुक्त गोपी लोहरा, ग्राम सदान बुकमा, थाना चैनपुर के घर में ग्रामीणों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया और उसके परिजनों से उसे पुलिस या कोर्ट के समक्ष एक महीना के अंदर सरेंडर करने की अपील की। वहीं ग्रामीणों से भी पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने को कहें। इधर चैनपुर थाने के एसआई राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सिविल कोर्ट गुमला से निर्गत इश्तेहार को घर में चिपकाया गया है और ग्रामीणों तथा उसके परिजनों से उसे जल्द से जल्द सरेंडर करने की अपील की गयी है। वहीं अगर तय समय पर उसके द्वारा सरेंडर नहीं किया जाता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर थाना के एसआई मदन शर्मा उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस की दीदी को रीड अलोंग ऐप के माध्यम से पढ़ने का दिया गया प्रशिक्षण



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड के जेएसएलपीएस की दीदी को रीड आलोंग एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। लगभग 30 की संख्या में उपस्थित दीदी को इसके लिए प्रशिक्षित किया गया। जिससे वह अपनी रीडिंग स्किल को बढ़ा सकें। साथ ही इनके माध्यम से जनमानस तक इसको पहुंचाने का एक प्रयास पीरामल फाउंडेशन की एडीसी टीम के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि यह ऐसा ऐप है जो मुख्य रूप से बच्चों के लिए तैयार किया गया है, इसका उद्देश्य हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा को पढ़ने-लिखने के कौशल को बेहतर बनाने में मदद करेगा तथा यह ऐप बच्चों को पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा। यह एप्लिकेशन प्ले स्टोर पर 'रीड आलोंग' नाम से उपलब्ध है। इस ऐप में करीब 40 मिलियन से ज्यादा छोटी-छोटी कहानियां हैं, जिसे बच्चे अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में पढ़ सकते हैं। इस एप्लिकेशन में पूरी प्रक्रिया के दौरान दीया नाम की बच्ची, बच्चों को निर्देशित करती रहती है। जिससे किसी भी शब्द को सही से पढ़ने में मदद मिलती है। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर मुहसीन हाशमी, प्रोग्राम लीड प्रमोद जायसवाल, कुमारी शिवानी, सुपर्णा मोदक, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक मनीष, जेएसएलपीस के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## गौस नगर में मारपीट में एक पक्ष के पांच लोग हुए घायल, सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गौस नगर में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के पांच लोग घायल हो गए। घायलों में अनीषा खातून (35) पिता कलाम राय, रोशन खातून (36) पिता शमशाद राय, फिरदोस आलम (20) पिता आलम राय, सलमान राय (20) पिता कलाम राय और मोहम्मद इस्लाम (35) पिता सिद्दीक राय शामिल हैं। तत्काल सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में कलाम राय ने बताया कि मैं एक मीटिंग में गया हुआ था। घर पर महिला और बच्चे थे। तभी अचानक रात 10:00 बजे घर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके हाथ में ईंट, पत्थर व ब्लेड थे। वहीं वे लोग अचानक मारपीट व लूटपाट कर फरार हो गए। बताया कि महिलाओं को भी ब्लड से शरीर के कई हिस्से में वार कर घायल कर दिया। बताया कि मोहल्ला में लड़का और लड़की को लेकर एक मामला चल रहा है। लड़का नाबालिग है। वहीं दोनों के बीच विवाह को लेकर दो पक्ष में कहा-सुनी हो गई थी। वहीं मामले में अंजुमन इस्लामिया का फैसला होने के बाद भी एक पक्ष फैसला को मानने को तैयार नहीं है। इसी बात को लेकर एक ही परिवार के लोगों पर हमला कर घायल कर दिया गया। वहीं कलाम ने हमला करने वाले लोगों का नाम अफरोज राय उर्फ छोटू, जाकिर राय, इमरोज राय, तबस्सुम, गजाला खातून, सलमान राय उर्फ जिगरू, जुगदी खातून, विकी व अन्य अज्ञात लोगों के नाम बताए हैं। कहा कि मामले को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

